

# खाद संकट और मूंग खरीदी में देरी पर भड़के किसान

▸ नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 5 जुलाई. समस्याओं को लेकर सलामतपुर, सांची व आसपास के गांवों के किसानों का गुस्सा फूट पड़ा. रविवार को किसानों ने करणी सेना परिवार के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी चार सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की.** किसानों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

ज्ञापन सौंपने पहुंचे किसानों और करणी सेना के प्रतिनिधियों ने वर्तमान व्यवस्थाओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया. किसानों का कहना है कि वर्तमान में वे आर्थिक और मानसिक दोनों मोर्चों पर प्रताड़ित हो रहे हैं. एक तरफ ई-टोकन व्यवस्था की अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को खाद के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ सहकारी समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं है. इसके साथ ही, मूंग उपार्जन में हो रहे विलंब और कृषि कार्यों के लिए बिजली की भारी कटौती ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है.

### किसानों की चार प्रमुख मांगें

- **ई-टोकन व्यवस्था का खात्मा करें :** अनावश्यक परेशानी और लंबी प्रतीक्षा से निजात दिलाने के लिए ई-टोकन व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए.
- **पर्याप्त खाद उपलब्ध कराएं :** सहकारी समितियों एवं वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि कोई भी किसान इससे वंचित न रहे.
- **100% मूंग उपार्जन शीघ्र करें :** किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाने के लिए मूंग की फसल की 100% खरीदी तुरंत शुरू की जाए.
- **12 घंटे निर्बाध बिजली दें :** सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रतिदिन सुबह 8 :00 बजे से रात 8 :00 बजे तक लगातार बिजली आपूर्ति दी जाए.

### किसानों की चेतावनी

किसानों ने दो टूक कहा कि ये मांगें पूरी तरह न्यायोचित हैं. यदि प्रशासन ने इस पर शीघ्र ही कोई ठोस और सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो क्षेत्र का समस्त किसान समुदाय लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी. इस दौरान सांची, सलामतपुर और आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में अन्नदाता और करणी सेना के सदस्य उपस्थित रहे.



## पेंशनर्स ने बैठक में अहम मुद्दों पर की चर्चा

**रायसेन, 5 जुलाई.** रविवार को प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई. एसोसिएशन के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि नए सदस्यों का सम्मान करने, सदस्यता अभियान चलाए जाने, जिले के सांसद व विधायक से मिलकर भवन निर्माण हेतु सहयोग राशि के लिए भोपाल चलकर सम्पर्क करने आदि बिंदुओं पर विचार किया गया. बैठक में प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सेनि डिप्टी रेंजर वन विभाग ने प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की.उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया. बैठक में हनुमान प्रसाद शर्मा, पीएन साहू, गिरधारीलाल शाक्य, एमएल राठोरिया, बीपी शर्मा, राजकुमार शाक्य, परशुराम राय, मो. हैदर खान आदि मौजूद थे.

# सुल्तानगंज पुलिस ने नहीं लिखी चोरी की रिपोर्ट

▸ महिला किसान ने लगाया आरोप, एसपी को दिया आवेदन



नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 5 जुलाई. एक महिला किसान ने सुल्तानगंज पुलिस पर फेंसिंग खोड़े (पत्थर) चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है. महिला का कहना है कि यह पत्थर उक्त व्यक्ति के खेत से बरामद किए गए थे, इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी है.**

ग्राम घोघरी की एक दलित किसान महिला सहोदरा बाई अठ्या पति तुलाराम अठ्या ने एसपी रायसेन को दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनके द्वारा अपने खेत की मेड फेंसिंग के लिए बेगमगंज के पत्थर व्यापारी गुलाब रजक से 40 नग पत्थर के खोड़े (पत्थर ) खरीदे गए थे और लोडिंग ऑटो से ले जाकर अपने खेत पर रख दिए थे, जो वहां से गायब हो गए. जिस पर तुलाराम अठ्या को ग्राम भैंसा निवासी अभयराम यादव पिता मजबूत सिंह यादव पर शंका हुई तो उन्होंने अपने स्तर पर इसकी खोजबीन किए जाने पर पता चला कि ग्राम भजिया में उनके रिश्तेदार शिवम राजा यादव पिता चंद्रभान सिंह यादव के खेत में उनके खोड़े पत्थर छुपा कर रखे हुए हैं. तब उन्होंने इसकी सूचना सुल्तानगंज पुलिस को दी. मौके पर पहुंचकर सुल्तानगंज पुलिस ने वहां से पत्थर जब्त भी किए, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई.

थानाप्रभारी सुल्तानगंज को तत्काल संबंधित आरोपियों के खिलाफ पत्थर जब्त करके एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देकर एक दलित महिला को न्याय दिया जाए. यदि किसी अधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज करने में जानबूझकर लापरवाही या विलंब किया जा रहा है तो उसकी विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाए. अनुसूचित जाति की महिला फरियादी को निष्पक्ष न्याय एवं सुरक्षा दी जाए.

महिला का कहना है कि सुल्तानगंज थाने के कई चक्कर लगाए. जब उनकी सुनवाई वहां नहीं हुई तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. पीड़ित महिला किसान के समर्थन में किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम् द्वारा भी पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है कि कथित आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने से थाना स्तर पर उन्हें बचाने का प्रयास हो रहा है.

# अयोध्या धाम मंदिर के सामने गड्ढों में भरा पानी

▸ पीडब्ल्यूडी की खानापूर्ति की खुली पोल




नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 5 जुलाई. सांची जनपद के अंबाडी स्थित प्रसिद्ध अयोध्या धाम मंदिर के सामने एक बार फिर लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी की लापरवाही का बड़ा खमियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है. मंदिर के ठीक सामने फिर से एक गहरा, तालाबनुमा गड्ढा हो गया है, जो राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए बड़ी मुसीबत बन चुका है.**

गौरतलब है कि लगभग 6 महीने पहले मीडिया द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग जागा तो था, लेकिन विभाग ने गड्ढे को ठीक से भरने के बजाय केवल औपचारिकता पूरी कर दी गई. नतीजा आज सबके सामने है. मामूली लापरवाही के कारण वही जानलेवा गड्ढा दोबारा उभर आया है, जिससे विभाग के दावों की पोल खुल गई है.

### जल निकासी न होना बनी मुख्य वजह

स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस समस्या की मुख्य जड़ क्षेत्र में पक्की नाली का न होना है. नाली के अभाव में घरों और सड़कों का पानी सीधे मुख्य मार्ग पर बह रहा है. लगातार जलभराव के कारण सड़क कमजोर होकर धंस रही है. इस बदइंतजामी के चलते आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस बार केवल गड्ढा भरने के बजाय नाली निर्माण कर समस्या का स्थाई समाधान किया जाए.

## सम्मेलन में अपेक्स बैंक अध्यक्ष हुए शामिल

**रायसेन, 5 जुलाई.** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन बरेली तहसील मुख्यालय पर आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई.कार्यक्रम में अपेक्स बैंक अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र पटेल विधायक सुरेंद्र पटवा प्रदेश कर समिति सदस्य रामपाल सिंह जिला संगठन प्रभारी राजो मालवीया, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को उनकी कार्यशैली के बारे में विस्तार के साथ बताया एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया.

## सलामतपुर क्षेत्र में धान के गड़े बनाने में जुटे किसान



नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 5 जुलाई.** आसमान से बरसीं राहत की बूंदों ने जहां आम जनता को भीषण गर्मी से निजात दिलाई है, वहीं क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर भी रौनक ला दी है. मानसून की पहली बारिश होते ही सलामतपुर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में कृषि गतिविधियां तेजी से बढ़ गई हैं. खरीफ सीजन की मुख्य फसल 'धान' की बुआई को लेकर अन्नदाता पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं. खेतों की जुताई के साथ ही किसान अब धान के गड़े (पौध/नर्सरी) तैयार करने के काम में जुट गए हैं. भौगोलिक दृष्टि से सलामतपुर और इसका नजदीकी क्षेत्र धान की खेती के लिए बेहद उपयुक्त माना जाता है. यहाँ की मिट्टी और पानी की उपलब्धता के धान की बम्पर पैदावार दर्ज की जाती है. इस क्षेत्र में उत्पादित होने वाले बासमती और अन्य उन्नत किस्म के चावल की मांग दूर-दूर की मंडियों में रहती है.



# पौधे रोपे, लिया देखभाल का संकल्प

▸ बरगद, पीपल, नीम, बेल और जामुन के पौधे रोपे

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 5 जुलाई. पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने की पहल करते हुए रायसेन जिला विकास समिति और बस एक कदम और सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने रविवार को वृक्षारोपण अभियान-2026 की शुरुआत पूरन तालाब स्थित श्मशान घाट से की. अभियान के तहत बरगद, पीपल, नीम, बेल और जामुन के पौधे रोपे गए.**

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान की शुरुआत श्मशान घाट से की गई, क्योंकि यह स्थान जीवन के अंतिम सत्य और वैराग्य का प्रतीक माना जाता है. उनका कहना था कि जहां मनुष्य अपने समस्त अहंकार, मोह-माया और वैभव को छोड़कर पंचतत्व में विलीन हो जाता है, वहीं से हरियाली और नए जीवन का संदेश देने का संकल्प लिया गया है. समिति ने बताया कि पिछले वर्ष सांची रोड पर 'कदम-कदम पर कदंब' अभियान के तहत लगाए गए कदंब के पौधे अब विकसित होकर लहलहाने लगे हैं. इस सफलता से प्रेरित होकर इस वर्ष अभियान का विस्तार किया जा रहा है. वृक्षारोपण कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, सदस्य, पत्रकार, अधिवक्ता, व्यापारी और समाजसेवी मौजूद रहे. सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया.

समिति सचिव ने बताया कि अगले रविवार से सांची रोड पर व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा. इस दौरान पिछले वर्ष लगाए गए जिन पौधों का विकास नहीं हो सका, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए जाएंगे. समिति ने अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों से शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनने की अपील की.

# अंधी रफ्तार पर नहीं लग पा रही लगाम, रोज हो रहे हादसे

▸ भोपाल-विदिशा हाईवे बना 'डेथ ट्रैप'



नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 5 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 और नेशनल हाईवे 146 इन दिनों सफर के लिए सुरक्षित नहीं रह गए हैं. वाहनों की बेकाबू रफ्तार और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते भारी वाहन रोजाना हादसों को न्योता दे रहे हैं. स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार की शिकायतों और लगातार हो रही मौतों के बाद भी जिम्मेदार विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है. वहीं पुलिस और आरटीओ की टीम सिर्फ रस्म अदायगी और कथित अवैध वसूली में व्यस्त है, जिससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं.**

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर यातायात का दबाव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. इस मार्ग से हर दिन लगभग 100 से अधिक यात्री बसें गुजरती हैं. इनमें विदिशा, भोपाल, रीवा, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, बीना, ललितपुर और झाँसी से इंदौर की ओर जाने वाली हाई-स्पीड चार्टर्ड बसें शामिल हैं, जो हाईवे पर अंधी रफ्तार से दौड़ती हैं. सिर्फ बसें ही नहीं, बल्कि ओवरलोड डंपर, ईंटें ढोने वाले मिनी ट्रक और बड़े-बड़े डीजल टैंकर भी इस सड़क पर रेस लगाते नजर आते हैं. इन भारी वाहनों की गति इतनी तेज होती है कि सामने से आने वाले छोटे वाहन चालकों या पैदल यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिलता. यही कारण है कि दुर्घटनाएं हो रही हैं.

कुछ दिन पूर्व ही रात को नेशनल हाईवे 146 पर देखने को मिला था. यहां एक तेज रफ्तार डीजल टैंकर के सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया. बाइक सवार को बचाने के चक्कर में टैंकर चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिससे अनियंत्रित होकर टैंकर सीधे पुलिया की रेलिंग पर जा अटक गया था. गनीमत यह रही थी कि टैंकर पलटा नहीं और कोई बड़ा विस्फोट या रिसाव नहीं हुआ, अन्यथा हाईवे पर एक बड़ी मानवीय त्रासदी हो सकती थी. प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर टैंकर की रफ्तार नियंत्रित होती, तो यह स्थिति निर्मित ही नहीं होती.

### 'चौथ वसूल' में व्यस्त जिम्मेदार

स्थानीय निवासियों का गुस्सा अब फूटने लगा है. ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि पुलिस और यातायात विभाग हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के बजाय सिर्फ 'चौथ वसूली' (अवैध उगाही) में लगा रहता है. ओवरस्पीडिंग मापने वाले रडार या स्पीड गवर्नर की चेकिंग न के बराबर है. ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि हाईवे के संवेदनशील मोड़ों और रिहायशी इलाकों के पास गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) और साइन बोर्ड लगाए जाएं. ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों को पकड़ने के लिए स्पीड गन के साथ पुलिस की टीमें तैनात हों. तय सीमा से अधिक गति से चलने वाली बसों और डंपरों के परमिट निरस्त किए जाएं और भारी जुर्माना लगाया जाए. रातातलाई के कैलाश गोस्वामी ने बताया कि कि 'भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 और एनएच 146 पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. मासूम लोग अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं. शासन-प्रशासन को अब तो नींद से जागना चाहिए और ऐसे खूनी रफ्तार वाले वाहनों पर सख्त चालानी कार्रवाई करनी चाहिए.'

**विदाई समारोह** ▸ सेवानिवृत्त प्राचार्य एम .एल . बघेल को दी विदाई

# पूर्व छात्रों ने गुरु दक्षिणा में प्राचार्य को भेंट की मोटरसाइकिल




नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 5 जुलाई. तहसील के ग्राम उमरखोह हाई स्कूल के प्राचार्य एम.एल. बघेल के सेवानिवृत्ति पर नगर के गुप्ता मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में शिक्षा जगत, सामाजिक क्षेत्र एवं नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बघेल के सम्मान एवं अभिनंदन के साथ हुआ. उपस्थित वक्ताओं ने बघेल के लंबे शैक्षणिक जीवन, अनुशासनप्रिय कार्यशैली एवं विद्यार्थियों के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में हजारों विद्यार्थियों के जीवन को दिशा प्रदान की है. वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणादायी बताते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की.

समारोह का सबसे भावुक और आकर्षक क्षण तब आया, जब बघेल के पूर्व छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षक के प्रति सम्मान और गुरु-दक्षिणा की भावना व्यक्त करते हुए उन्हें भेंट स्वरूप एक मोटरसाइकिल प्रदान की. इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मलखान सिंह जाट, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय सिंह जाट, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव, समाजसेवी संतोष कांड्या, विद्यानंद शर्मा, बसंत शर्मा, शैलेन्द्र उपाध्याय, आर .जी. नेमा, मोहन कुशवाहा, दीपक सोनी सहित एक सैकड़ा से अधिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोनी 'शून्य' ने किया. समारोह के अंत में सभी लोगों ने प्राचार्य बघेल को भावभीनी विदाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं.

## राजा धर्मवीर सिंह किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 5 जुलाई.** मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस की नवगठित कार्यकारिणी में रायसेन जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मवीर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है. उनकी नियुक्ति पर बाबा नीलमणि शाह, अजय पटेल हमीरपुर, गजेंद्र पटेल, दिनेश यादव, मजहर खान, इमरान खान, सुनील जैन, छोटे बसीम, राजीव रघुवंशी, बद्री विश्वकर्मा, नीलेश रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी. नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जाएगा. किसानों की समस्याओं, फसलों के उचित मूल्य, सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार तक किसानों की आवाज मजबूती से पहुंचाई जाएगी.

